## संक्षिप्त

### शेखावत उपशाखा के चुनाव संपन्न

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उप शाखा श्रीमाधोपुर का वार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन पंचायत समिति श्रीमाधोपुर के सभागार में निर्वाचन अधिकारी विक्रम प्रकाश शुक्ला एवं बाबूलाल गुर्जर पर्यवेक्षक व प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र कुमार सैनी की देखरेख में संपन्न हुआ। निर्वाचन में बाबूलाल सैनी को अध्यक्ष और शंकर लाल खोखर को मंत्री चुना गया वहीं शिशुपाल सिंह बिजारनिया सभा अध्यक्ष, उपसभा अध्यक्ष पर राम नारायण सैनी ,सूरज सिंह धायल संगठन मंत्री, सुवालाल यादव व महावीर स्वामी को उपाध्यक्ष , मुरलीधर भावरिया को कोषाध्यक्ष,रामकरण सेठी को उच्च प्राथमिक शिक्षा प्रतिनिधि, सुनील कुमार शर्मा को उच्च माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि, केसाराम धायल को संरक्षक मनोनीत कर सर्व सहमति से निर्वाचित घोषित किया गया।

### महंत ने दिया स्वच्छता का संदेश

**सांभरझील, (निसं)।** यहां देवयानी सरोवर स्थित जागेश्वर दरबार के सामने तपस्वी जी का आश्रम के महंत ने मंदिर परिसर के बाहर व्याप्त गंदगी की जब लंबे समय तक जिम्मेदारों ने इसकी अनदेखी की तो आखिरकार उनसे रहा नहीं गया और खुद ने आसपास के संपूर्ण क्षेत्र की सफाई कर डाली। महंत ने इस मामले को लेकर बताया कि कई दफा बोलने के बाद भी परिसर के बाहर काफी मात्रा में कचरा इकट्ठा हो गया था, लेकिन सिस्टम इतना बकवास है कि लगता है कि सुनवाई करना ही बंद कर दिया है, जबकि आसपास पेड़ों के सूखे पत्तों का ढेर हवा से उड़कर मंदिर परिसर में घुस जाता है जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत भी होती है। इसलिए मैंने सोचा की दूसरों को बोलने से बढ़िया है खुद ही झाड़ू उठाओ और सफाई कर डालो। लोगों को भी चाहिए कि वह दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय अपने आसपास की सफाई खुद ही करें इससै स्वच्छता का संदेश भी आगे तक फैलता है।

### चार वाहन व एक मोटरसाइकिल जब्त

**टोंक।** पुलिस प्रशासन व खान विभाग की संयुक्त टीम ने बीती रात को पटवार हल्का डोडवाड़ा व सोहेला क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन वाहन (ट्रेलर व डम्पर) साथ ही एक मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। उपखंड अधिकारी गणराज बडगौती ने बताया बुधवार रात्रि डोडवाड़ी से दो व सोहेला से एक वाहन तथा एक मोटरसाइकिल बजरी परिवहन में लिप्त पाने पर जप्त किया गया है। इसी प्रकार बरौनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गुरुवार को चिरौंज गांव के पास से अवैध रूप से बजरी परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया है।

### शादी में नवाचार की अनूठी पहल

**दूदू ।** ग्राम पंचायत धानदोली मैं चौहान परिवार की बेटी की शादी में नवाचार की अनूठी पहल कर कन्यादान के रूप में नकद राशि नहीं ली जाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की गई दुल्हन मीना देवी चौहान ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण को जो शादी समारोह के दौरान पटाखे डीजल पेट्रोल डीजे मैं प्लास्टिक का उपयोग से होता है को कम करने के लिए कन्यादान के रूप में प्रत्येक व्यक्ति से एक पेड़ लगाने का आग्रह किया जाकर 111 पेड़ लगाए गए तथा पेड़ लगाकर भाई के समान संरक्षण व पालन की शपथ दिलाई गई समारोह के दौरान संघर्ष संस्थान समिति के निदेशक एवं पूर्व सरपंच शिवजी राम गुर्जर संस्था सचिव श्रीमती विमला देवी आचार्य सहित जनप्रतिनिधि एवं परिवारजन मौजूद रहे।

### शहर में एक घंटे में 77 एमएम बारिश, ओले भी गिरे

**टोंक।** जिला मुख्यालय सहित जिले के कई इलाकों में गुरुवार को कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई, कई जगह कुछ देर ओले भी गिरे, इससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। सबसे ज्यादा बारिश टोंक शहर में शाम 3.45 से 4.45 में 77 एमएम दर्ज की गई है। सिंचाई विभाग के एईएन भवानी शंकर वर्मा ने बताया कि टोंक शहर में करीब एक घंटा बारिश हुई है, इसमें करीब आधा घंटा तेज और फिर हल्की, मध्यम गति की बारिश हुई है। जिला मुख्यालय पर सड़कें दरिया बन गई, वही पुरानी बाजार में सबसे ज्यादा डेढ़ से दो फीट पानी बह निकला। इससे कई दुकानों में पानी घुस गया।

# कलक्टर ने अधिकारियों को आदेशों की पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए

■ नागरिक सुरक्षा के अन्तर्गत 12 सेवाओं के प्रभारी अधिकारी किए नियुक्त

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने 6 मई को आदेश जारी कर नागरिक सुरक्षा के अतर्गत 12 सेवाओ के प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये।

उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर किसी आपदा के खतरे अथवा संभावना की रोकथाम, किसी आपदा की जोखिम अथवा इसकी तीव्रता अथवा परिणामों का प्रशमन, न्यूनीकरण, अनुसंधान और ज्ञान प्राबंधन सहित क्षमता निर्माण ताकि आपदा की संभावित स्थिति अथवा आपदा के समय त्वरित कार्यवाही, इसके प्रभावो का आंकलन, फंसे हुए लोगो को निकालना, बचाव और राहत कार्य एवं पुनर्वास और पुनर्निर्माण करना है।

आदेशानुसार प्रभारी अधिकारी सहायता एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है.




अधिकारियों की बैठक लेती जिला कलेक्टर।

मुख्यालय सेवा के लिए अति. जिला कलक्टर, संचार सेवा के लिए उपनिदेशक, क्व्ज एवं जिला जनसम्पर्क अधिकारी, वार्डेन सेवा के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार, हताहत सेवा के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अग्निशमन सेवा के लिए अग्निशमन अधिकारी, प्रशिक्षण सेवा के लिए नागरिक सुरक्षा अधिकारी जयपुर/अलवर, बचाव सेवा के लिए नागरिक सुरक्षा अधिकारी अग्निशमन अधिकारी, कल्याण सेवा के लिए अति. मुख्य कार्यकारी एवं जिला रसद अधिकारी, पूर्ति सेवा के लिए संबंधित विकास अधिकारी एवं आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, शव निस्तारण सेवा के लिए संबंधित चिकित्सा अधिकारी, साल्वेज सेवा के लिए अति. पुलिस अधिक्षक एवं डिपो एवं परिवहन सेवा के लिए जिला परिवहन अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**पावटा।** ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा का जिला कलेक्टर द्वारा गुरुवार को निरिक्षण किया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय ने ग्राम सेवा सहकारी प्रागपुरा चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कृषि ड्रोन की कार्य प्रणाली व अधीनस्थ कार्य क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी ली और ऋण वितरण, उर्वरक स्टॉक भी चेक किया।

वही उन्होंने ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा की कार्यशैली को सराहनीय बताया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक नवरतन, ऋण पर्यवेक्षक राजेश यादव, व्यवस्थापक कैलाश स्वामी, सहायक व्यवस्थापक आनन्द सिंह, सहायक नरेश सैनी, रामकरण सैनी, ड्रोन पायलट प्रेमप्रकाश सैनी, कृषि पर्यवेक्षक जितेन्द्र यादव, अजय सैनी, सुरेन्द्र यादव, मुखराम धनखड़, मदन यादव, रामनिवास यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने किया ओचक निरीक्षण

**श्रीमाधोपुर ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ मल सांख ने उपखंड अधिकारी अनिल कुमार के साथ राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ओचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान आपातकालीन व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई।

एडीएम ने प्रभारी डॉ. कमल यादव को अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम अनिल कुमार व पूर्व प्रभारी डॉ. अंकुर स्वामी भी मौजूद थे। खराब पंखों को बदलवाने, आपातकालीन कक्ष में सभी आवश्यक उपकरण व सुविधाएं सुनिश्चित करने डॉक्टर चैंबर के वॉशवैसिन पर जमी धूल की सफाई ,ऊपर दूसरी छत पर जाने की बनी रैंप में लगे लाइट व रेलिंग, महिला वार्ड के पास लगी लाइट आदि ठीक व सुचारू करने के निर्देश दिए गए।



राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना भागीरथ मल साख ने किया ओचक निरीक्षण ।

वही खराब पड़े वाटर कूलर आदि के ठीक करवाने के निर्देश दिए ।

आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर भी गहन चर्चा की गई, साथ ही सभी चिकित्सकों व स्टाफ की छुट्टियां रद्द करते हुए उन्हें अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने सीएचसी प्रभारी डॉ. कमल यादव से अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टर-नर्स की उपलब्धता, दवाएं, उपकरण और ऑक्सीजन जैसे संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की।

एडीएम सांख ने कहा कि मॉक ड्रिल और एयर स्ट्राइक जैसी स्थितियों को देखते हुए चिकित्सा व्यवस्थाओं को अपडेट किया जा रहा है। इमरजेंसी वार्ड, अग्निशमन उपाय और घायल मरीजों के इलाज की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान सभी चिकित्साकर्मियों की छुट्टियों पर रोक है।निरीक्षण में सफाई व्यवस्था में कमियां पाई गईं। सीएचसी प्रभारी को इन सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान तीन चार कार्मीक अनुपस्थित मिले जिनको कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# बेसहारा बच्चों के लिए स्कूल संचालित करने पर किया सम्मानित

**अलवर।** अलवर में गरीब बेटियों का कन्यादान कर व कचरा बिनने वाले व भीख मांगने वाले बच्चों के लिए स्कूल चलाकर उन्हें शिक्षित करने तथा महिलाओं के लिए कार्य करने वाली नेक कमाई संस्था के फाउंडर पत्रकार धर्मेंद्र अदलकखा व संस्था के सरक्षक दोलत राम हजरती एवं मंजू चौधरी अग्रवाल को गरीब बेसहारा लोगों की सेवा कर सामाजिक सरोकार को निभाने पर विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रेड क्रास सोसायटी और ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज की ओर से सममानित किया गया।

■ नेक कमाई संस्था विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रेड क्रास सोसायटी व ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज की ओर से किया सम्मानित

आईएमए के अध्यक्ष डा. एस. सी. मितल व नेक कमाई के मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि कार्यक्रम के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेकटर अर्तिका शुकला ने यह पुरस्कार प्रदान किया। अलवर में नेक कमाई संस्था दो वर्षों में 263 जरूरतमंद बेटियों का कन्यादान कर चुकी है। इसके अलावा संस्था की ओर से कचरा बीनने व भीख मांगने वाले बच्चों के लिए दो स्कूल संचालित किए जा रहे है। इसी के साथ महिला सशकितकरण के लिए बिंदू कपूर के नेतृत्व में सिलाई व बयूटी पार्लर का महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों युवतियां प्रशिक्षण ले रही है।



नेक कमाई संस्था के धर्मेंद्र अदलकखा व संरक्षक दोलत राम व मंजू चौधरी को सम्मानित करते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

## 15 से शुरू होगा अलवर की पहचान आत्मनिर्भर दिव्यांग अभियान

■ अलवर में जिला कलेक्टर के नवाचार पहचान अभियान में दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर कराया जाएगा लाभांवित

**अलवर।** जिले में दिव्यांगजनों को पात्रता अनुसार सरकारी योजनाओं से जोडकर आत्मनिर्भर बनाने हेतु 15 मई से प्रोजेक्ट पहचान (अलवर की पहचान आत्मनिर्भर दिव्यांग) का शुभारम्भ किया जाएगा।

जिला कलक्टेर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अलवर पहचान अभियान का क्रियान्वयन जिले में दो चरणों में होगा जिसमें प्रथम चरण 15 मई से 6 अगस्त तक एवं द्वितीय चरण 7 अगस्त से शुरू होगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वितीय को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार ब्लॉक स्तर पर अभियान के क्रियान्वयन हेतु उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं विकास अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। विभागीय समन्वय हेतु सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को समन्वयक बनाया गया है। अभियान के प्रथम चरण में जिले के समस्त विभाग संबंधित कार्यकारी एजेंसी से सहयोग कर सुगम्य अलवर अभियान के तहत जिले के विशेष योग्यजन को सुगम्य एवं बाधा रहित वातावरण उपलब्ध कराने, दिव्यांगजनों के सुगम एवं अनुकूलित आवागमन हेतु राजकीय भवनों, बैंक परिसर में रैम्प, रैलिंग एवं साइन बोर्ड (दिव्यांग फ्रेंडली) आदि का निर्माण आदि कार्य करेंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग दिव्यांगजनों का सर्वे एवं चिन्हिकरण कर डोर टू डोर सर्वे कराकर पात्र वंचित लाभार्थियों को योजनाओं से जोडने हेतु कैम्प आयोजित कराएंगे। शिक्षा विभाग दिव्यांग बच्चों का चिन्हिकरण एवं डिजीटल ट्रेनिंग , दिव्यांगजनों का कौशल विकास प्रशिक्षण व दिव्यांग महिलाओं का सशक्तिकरण राजीविका के माध्यम से समूह निर्माण एवं डिजिटल साक्षर बनाने की दिशा में कार्य करेगा।उन्होंने बताया कि अभियान के द्वितीय चरण में दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण एवं विभिन्न योजनाओं से लाभांवित कराया जाएगा।

# दीक्षार्थी की निकाली बिनौली यात्राः समाज के लोगों ने गोद भराई का किया कार्यक्रम

**चौरु/उनियारा।** बनेठा कस्बें के जैन समाज के लिए बुधवार का दिन गौरवशाली बन गया। सावर गांव अजमेर जिले में 16 मई को मुनि दीक्षा लेने जा रहे हैं महेंद्र भैय्या का सकल जैन समाज ने चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर एवं नेमीनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर के पदाधिकारियों ने दीक्षा पूर्व अभिनंदन,गोद व छोल भराई की रस्म निभाई। दीक्षार्थी महेन्द्र भैय्या की भव्य अगवानी बैंड बाजा,ढोल धमाकों के साथ की। समाज के हरीश जैन पाण्डया एवं मनोज जैन ने बताया कि कार्यक्रम के तहत चंद्रप्रभु मंदिर में शाम 7 बजे छोल भराई की रस्म की गई। सकल जैन समाज के लोगों ने श्रीफल,फल,सूखे मेवे,काजू किशमिश,अखरोट,मिश्री से दीक्षार्थी की छोल भरी। जिसके बाद गाजे बाजे के साथ महेंद्र भैय्या की भव्य बिंदोरी मुख्य बाजार से होते हुए तेजाजी चौक,बड़ा बाजार,आजाद चौक, नेमीनाथ मंदिर होती हुई जैन मंदिर समीप स्थित संत निवास पहुंची। शोभायात्रा के दौरान समाज के लोगों ने अपने घरों के बाहर जगह-जगह गोद भराई की रस्में निभाई। सरल स्वभावी सुशिक्षित महेन्द्र भैय्या का जन्म शिवाड़ निवासी पिता बद्रीलाल-माता प्रेम देवी के आंगन में 2 सितम्बर 1963 को शुभ बेला में हुआ।

इन्होंने अपनी लौकिक शिक्षा 1979 में मैट्रिक उत्तीर्ण की। इनका विवाह टोडारायसिंह निवासी कपूर चन्द, मिलाप चन्द के यहां मंजू देवी के साथ हुआ। जिनका वर्ष 2005 में आकस्मिक निधन हो गया। इनकी माता प्रेम देवी धर्म परायण महिला थी जिन्होंने आर्यिका गरिमामती एवं गंभीरमती माताजी से संबोधित होकर गृह त्याग कर क्षुल्लिका साध्वी बन गई। बता दें उस दौरान वर्ष 2011 में आर्यिका संघ का चतुर्मास शिवाड़ नगर में हुआ था। महेन्द्र भैय्या के दो बेटियां मेनका जिसका विवाह लावा ग्राम में एवं टीना का विवाह फागी में हुआ। इनके इकलौते पुत्र मनीष का विवाह मित्रपुरा कस्बें में हुआ। जिनका किराने का व्यवसाय है। इनका भरा पूरा परिवार है।संसार की नश्वरता एवं अपनी पत्नी की असामायिक मृत्यु व अपनी माताजी को क्षुल्लिका पद पर संलेखना से प्रभावित होकर जैनेश्वरी दीक्षा लेने के भाव उत्पन्न हुए। जिसे अब 16 मई 2025 को अजमेर जिले में सावर ग्राम की पावन धरा पर जैनेश्वरी मुनि दीक्षा के रुप में साकार किया जाएगा।भौतिक सुखों से परे होकर दीक्षा के लिए कदम बढ़ाना हर किसी के लिए सहज नहीं है। दीक्षार्थी महेन्द्र भैय्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर बिन्दौली यात्रा के दौरान अग्रवाल समाज के अध्यक्ष तेजमल जैन, अग्रवाल समाज चौरासी के ब्लॉक अध्यक्ष बसंत जैन, सरावगी समाज के अध्यक्ष पदम पाण्डया,संरक्षक पूरणमल लुहाड़िया,हेमचन्द सौगाणी, लोकेश जैन,सुशील जैन,प्रवीण पाण्डया सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।



शोभायात्रा के दौरान समाज के लोगों ने अपने घरों के बाहर जगह-जगह गोद भराई की रस्में की।

## दीपसिंह समिति के सदस्य नियुक्त

**कोटपूतली।** पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीपसिंह शेखावत निवासी बडनगर पावटा को पानी एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन एवं उल्लेखनीय कार्य करने पर राज्य सरकार के आदेशानुसार सीकर जिला कलक्टर मुकुल शर्मा ने जिला स्तरीय खनन विकास अवैध खनन एवं पर्यावरण संरक्षण निगरानी समिति का सदस्य नियुक्त किया है। समिति में जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, सहायक खनिज अभियंता, वन विभाग जिला अधिकारी, पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीपसिंह शेखावत सहित कुछ लीज धारक शामिल हैं। आपको बता दें कि बडनगर निवासी दीपसिंह शेखावत विगत 5-7 वर्षो से जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में व्यापक स्तर पर 03 वर्षो से पानी किसानी जवानी संवेदना यात्रा द्वारा तथा वर्तमान में पानी पेड़ प्रकृति बचाओ नंगे पांव गांव-गांव पद यात्रा के माध्यम से 500 से अधिक स्कूलों, कॉलेजों, गांवों में जाकर लाखों युवाओं, विद्यार्थियों, किसानों एवं आमजन को जल एवं पर्यावरण संरक्षण, जलवायु अनुकूलन एवं उन्मूलन तथा ग्लोबल वार्मिंग एवं कार्बन उत्सर्जन के दुष्परिणामों से अवगत करवाया।

## सार-समाचार

### श्याम बाबा के मेले में भक्तों ने निकाली अनोखी झांकियां



**बहरोड़/ नीमराना।** निर्जला एकादशी को बहरोड़ के तसींग रोड के श्याम मंदिर पर आयोजित होने वाले लक्खी मेले में बहरोड़ कस्बे सहित दूर-दूर से आए श्याम भक्तों ने शिव पार्वती व गणेश तथा राधा और कृष्ण तथा हनुमान जी महाराज की झांकियों सहित बाबा श्याम की झांकी निकाली। नेशनल हाईवे नंबर 48 तक कस्बे के बीचों बीच सैकड़ो श्याम भक्तों के साथ निकली इस झांकी पदयात्रा में दूर-दूर से झांकियां लेकर आए श्याम भक्तों ने हिस्सा लिया। इस दौरान हजारों कस्बेवासियों सहित मंदिर कमेटी के सदस्य तथा पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

### 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' खाद्य पदार्थों के 302 नमूने जांच के लिए गए

**अलवर ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिले में मिलावटीखोरी पर लगाम लगाने हेतु चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत 1 मई से 8 मई तक खाद्य पदार्थों के 302 नमूने जांच हेतु लिए गए जिनमें से 39 नमूने अवमानक स्तर के पाये गए। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में अशोका टाकीज के सामने स्थित मैसर्स संतोष कुमार गुप्ता, यूआईटी के सामने स्थित मैसर्स राजस्थानी पवित्र भोजनालय, भगतसिंह सर्किल स्थित मैसर्स बाबा दा ढाबा, मैसर्स जयदुर्गा पवित्र भोजनालय व मैसर्स न्यू हिंदुस्तानी पवित्र भोजनालय, मुगस्का स्थित मैसर्स अल्कारिम रेस्टोरेंट, 200 फीट रोड स्थित राज पवित्र भोजनालय, समीन टावर स्थित मैसर्स बूराक रेस्टोरेंट एण्ड कैफे, 60 फीट रोड मैसर्स जैन स्वीट्स होम, मैसर्स जायका दिल्ली-9 फैमिली रेस्टोरेंट, जुबली बास स्कीम नं. 2 स्थित मैसर्स साउथ स्ट्रीट, मैसर्स चोपशॉप, लाजपत नगर स्थित मैसर्स श्री श्याम फास्ट फूड, राठी मार्केट एमआईए स्थित मैसर्स छोटे लाल मिष्ठान भंडार, जेल सर्किल स्थित मैसर्स कपूर मिष्ठान भंडार तथा दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस-वे पिनान राजगढ स्थित मैसर्स सावोर सागा वेंचर व मैसर्स बांसुरी वाला, पिनान स्थित मैसर्स रामप्रसाद एण्ड कम्पनी एवं रामगढ में मैसर्स इरफान डेयरी में पनीर के नमूनों को जांच रिपोर्ट में असुरक्षित व अवमानक पाया गया। ढिगावडा स्थित मैसर्स श्री माताजी जोधपुर मिष्ठान भंडार, बख्तल की चौकी स्थित मैसर्स प्रजापति मिष्ठान भंडार, एमआईए स्थित मैसर्स श्री रामदेव जोधपुर मिष्ठान भंडार व मैसर्स पूरण मिष्ठान भंडार, प्रतापगढ चौराहा थानागाजी में मैसर्स श्रीकरनी जोधपुर मिष्ठान भंडार एवं शीतल में मैसर्स शिव भोले मिष्ठान भंडार में कलाकंद के नमूनों को जांच रिपोर्ट में असुरक्षित व अवमानक पाए गए।

### एम सी एच मच में गोल्ड मेडल प्राप्त डॉ. राघव का सम्मान

**देवली ।** यहा अंतराष्ट्रीय वैश्य महिला संगठन देवली ने एम सी एच मच की परीक्षा में राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गोल्ड मेडलिस्ट डॉ राघव जिंदल का माला पहनकर स्वागत किया है । महिला संगठन की संरक्षिका कमलेश मुन्द्डा ने कहां कि, राघव की यह उपलब्धि जिंदल परिवार के लिए ही नहीं अपितु संपूर्ण वेश समाज और देवली वासियों के लिए गर्व का विषय है । यह सम्मान की बात है कि डॉ राघव न्यूरोसर्जरी में गोल्डमेडल प्राप्त करने वाले,शहर के प्रथम चिकित्सक हैं । इस सम्मान कार्यक्रम में डॉक्टर इंदु मंगल,रेखा जिंदल,कौशल्या जिंदल,शकुंतला जिंदल नीलम गुप्ता,बबीता गोयल,नीतू मंगल, मंजु तोतला, सुशीला गर्ग,ममता सिंघल इत्यादि उपस्थित रहे,। महिला संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने डॉ राघव का मुंह मीठा करवाते हुए उन्हें इस सफलता पर शुभकामनाओं सहित बधाइयां भेंट की इस अवसर पर डॉ राघव ने कहा कि वह जरूरत के समय सभी क्षेत्र वासियों के लिये चिकित्सा सेवाओं पर हमेशा समर्पित रहेंगे ।

### बारिश के बाद मौसम खुशनुमा

**फुलेरा ।** कस्बे में गुरुवार को दोपहर को हुई बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया। साथ ही गर्मी से भी राहत मिली है। हालांकि आकाश में सुबह से ही बादल छाए हुए थे। इसके बाद कुछ ही घन्टो के लिए तेज धूप निकली। इसके बाद अचानक तेज हवा के साथ बादल छाये और बारिश दौर प्रारंभ हुआ। जो कि करीब एक घन्टे तक लगातार चालू रहा। गौरतलब है कि उक्त बारिश दौरान रोङ पर नालियों का गन्दा फैल गया। इसके चलते प्रशासन की सफाई व्यवस्था की हकीकत भी सामने आ गई। जहां एक ओर सरकार स्वच्छता के बङे बङे दावे कर रही है। वहीं धरातल पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। वैसे तो वैशाख माह में भीषण गर्मी पङती है। परन्तु बारिश हो जाने से कुछ सर्दी का अहसास हुआ इस कारण लोगों को कूलर पंखे बन्द करना पङा। क्षेत्र में बारिश के बाद किसानों के चेहरे खिल उठे है। इसके साथ ही वह अपने खेतों में अगली फसल उगाने की तैयारियों में जुट गये। किसानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष बारिश की जल्दी शुरुआत होने से आगामी खरीफ की फसल अच्छी पैदावार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर उक्त बारिश से क्षेत्र में कूलर बेचने वाले व्यापारियों के चेहरे पर मायूसी दिखाई पङ रही है।

### विशाल मेला 11 को

**कोटपूतली।** कस्बे की ढ़ाणी कायथावाली में श्री भोमियां जी महाराज का 54 वाँ विशाल मेला आगामी 11 मई को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर 10 मई शनिवार को प्रातः 08 बजे से अखण्ड श्रीरामचरित्र पाठ, 11 मई रविवार को प्रातः 07.15 बजे से कलश यात्रा, प्रातः 09.15 बजे से हवन यज्ञ, दोपहर 12.15 बजे से प्रसादी वितरण एवं रात्रि 09.15 बजे से सत्संग का भी आयोजन किया जायेगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरूवार को श्री भोमियां जी महाराज मंदिर में श्री श्री 1008 श्री जानकीदास महाराज के सानिध्य में बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान बबलू बबेरवाल, बाबूलाल सैनी, जौहरीलाल सैनी, जगदीश सैनी, महावीर सैनी, राजेश सैनी, रामस्वरूप सैनी, नरेश सैनी, संजय दैया, तेजराम सैनी, ओमप्रकाश सैनी, महेंद्र सैनी, रमेश सैनी, हरि सैनी, मनोज सैनी, रोहतास सैनी आदि मौजूद रहे।
फोटो। कोटपूतली। 04। कार्यक्रम के बैनर का विमोचन करते ग्रामीण।

### अवैध बजरी व सट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे एक ट्रेलर व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्रसिह राठौड ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी एवं डीवाईएसपी अरविन्दकुमार के निर्देशन में संचालित अभियान के दौरान थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम के हैड कानि शंकरलाल, कानि शेरसिंह, कानि हनूमान व चालक अजयराज ने गस्त के दौरान गांव बोरखण्डी पुलिया के पास से अवैध बजरी परिवहन कर रहे एक ट्रेलर को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि द्वितीय टीम के पुलिस सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, कानि हेमराज, खियाराम व चालक रमेशचन्द ने गांव चिरोंज से अवैध बजरी से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। उक्त दोनों वाहनों के चालकों व मालिकों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अनुसंधान कर रही है।

### भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को बचाने के लिए 50 परिंडे लगाए

**शाहपुरा।** विश्वविद्यालय जयपुर के छात्रनेता विक्रम सैनी के सानिध्य में एवं दूरदर्शी सेवा संस्था जयपुर के तत्वाधान में भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों का जीवन बचाने के लिए जगह जगह पानी के 50 परिंडे लगाए गए। इस दौरान छात्रनेता विक्रम सैनी व उनकी टीम ने परिंडो में नियमित पानी डालने और उनकी देखभाल व रखवाली करने का संकल्प लिया। सैनी ने बताया कि परिंडे लगाने के लिए समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। समिति के मंत्री पीयूष सैनी ने कहा कि समिति की ओर से विभिन्न चिन्हित स्थानों पर 1000 परिड़े लगाने का लक्ष्य रखा गया है ओर समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाते रहेगे।